तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 लगातार दम तोड़ रहे हैं अंचल के जल स्रोत



12 भाजपा नेताओं व पार्षदों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

**आयोजन : जिला मुख्यालय में नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

# हिन्दू नववर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने किया भव्य पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस ने नववर्ष के स्वागत में एक भव्य पथ संचलन का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने नगर के विभिन्न मार्गों से घोष वाद्य की मधुर ध्वनि के साथ संचलन किया, जिसे देखने के लिए नगरवासी उत्साहित दिखे। इस दौरान स्वयंसेवकों एवं भगवा ध्वज पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। संचलन का समापन बेसिक मैदान में हुआ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रमेश वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने शताब्दी वर्ष के संदर्भ में सरसंघचालक के समाज में पंच परिवर्तन के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का लक्ष्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है, जिसमें राष्ट्रीय एकता, चरित्र निर्माण और सेवा भावना प्रमुख हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वयंसेवकों ने संघ के आद्य सरसंघचालक को प्रणाम किया, जो प्रत्येक वर्ष की परंपरा है। इस अवसर पर विभाग संघचालक डॉ. कमलेश निषाद, जिला कार्यवाह गंगाधर यादव, विभाग प्रचार प्रमुख बोधी राम निषाद, विभाग पर्यावरण संयोजक डॉ. नूतन साहू सहित नीलेश साहू, नितेश साहू, बृजेश शर्मा, मेघनाथ यादव, राजेश यादव, मनोज यदु, धनाजी लाल निषाद, लीलाधर पाटिल, डॉ. लालाराम साहू, संजय वर्मा, लीला राम साहू, नेतू साहू, प्रवीण साहू, संतोष खुराना, मुकेश देवांगन, राजू देवांगन, रेवा राम निषाद, योगेश शर्मा, ललित साहू, तामेश्वर साहू जैसे प्रमुख स्वयंसेवक और सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल नववर्ष के स्वागत का प्रतीक बना, बल्कि संघ के सेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में भी सफल रहा।

### आरएसएस की गिनाई उपलब्धियां

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अवधेश पटेल, डायरेक्टर समाधान कॉलेज, ने संघ के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतवर्ष के 80,000 से अधिक स्थानों पर संघ की शाखाएं संचालित हो रही हैं और 1.50 लाख से अधिक सेवा कार्य स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। डॉ. पटेल ने संघ की 10 बड़ी उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। पहला, प्रतिदिन शाखाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और चरित्र निर्माण का कार्य। दूसरा, आपदा के समय स्वयंसेवकों की तत्परता से राहत और सेवा। तीसरा, 20,000 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के जरिए 30 लाख से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा और नैतिकता का पाठ। चौथा, स्वतंत्रता संग्राम में संघ का योगदान। पांचवां, सामाजिक समरसता के लिए छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ अभियान। छठा, सनातन संस्कृति का संरक्षण। सातवां, संगठनात्मक विस्तार। आठवां, पर्यावरण संरक्षण। नौवां, राष्ट्रीय जागरण। दसवां, अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और सेवा। ये उपलब्धियां संघ के समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति समर्पण को दर्शाती हैं।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी अब आमरण अनशन की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल 16 वें दिन और नवरात्रि के तीसरे दिन भी अनवरत हड़ताल जारी है। प्रांतीय सचिव संघ के निर्णय अनुसार जनपद पंचायत बेरला के समस्त सचिव 16वे दिन अपने एक सूत्रीय माँग शासकीय करण को लेकर गौठान चौक बेरला में बैठे हुए हैं।

■ सचिवों ने कहा जब तक शासकीयकरण नहीं होगा, जारी रहेगी हड़ताल

हड़ताली सचिवों का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भी सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है, जिसे जगाने के लिए मां जगतजननी जगदंबिका से आराधना, पूजा, प्रार्थना की जाएगी। सचिव संघ द्वारा आंदोलन को और उग्र करते हुए भूख हड़ताल, आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान मांग पूरी नहीं होने पर दिनांक को प्रत्येक जिला मुख्यालय में रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस हड़ताल में सचिव संघ बेरला के अध्यक्ष केहर सिंह साहू, शक्ती स्वरूपा, कीर्तिलता साहू, चंद्र कुमारी, ममता साहू, निशा शर्मा, विनीता शर्मा, चित्ररेखा साहू, जमोत्रि मनहरे, श्याम सियारे, लवकुश मानिकपुरी, प्रमोद राजपूत, जनक साहू, संतोष मरकाम, पन्मेश्वर निषाद, तोप सिंग निषाद, बहल साहू, रामजी देवांगन, चुनुराम साहू, अशोक गायकवाड़, गजेंद्र यादव, स्वरूपानंद वर्मा, गजेंद्र वर्मा, जगदीश यादव, सनत पाटिल रोशन मानिक पुरी, अनिल टंडन, संतोष वर्मा, जीवन साहू, व्यास नारायण वर्मा, लेखन साहू, हरख साहू, गजानंद वर्मा, सविता वर्मा, पतिराम साहू, सनत डेहरे सहित जनपद पंचायत बेरला समस्त सचिव उपस्थित रहे।

# 10वीं-12वीं की 60694 में से 43956 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 के केन्द्रीय मूल्यांकन 2025 के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बनाये गये बेमेतरा जिले के एकमात्र मूल्यांकन केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में मूल्यांकन करने के लिए हाईस्कूल परीक्षा में 37744 एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 22950 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई है। 31 मार्च तक हाई स्कूल की 26141 उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन हो गया है। 11603 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना अब शेष है। इसी तरह हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की 22950 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थी। जिनमें से 17815 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। तथा 5135 उत्तरपुस्तिकाएं ही अब मूल्यांकन के लिए शेष है।

■ कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी ने किया मूल्यांकन केन्द्र का औचक निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि हायर सेकण्डरी की कई विषयों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो गया है। जिनमें भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, लेखांकन, व्यवसाय अध्ययन विषय शामिल है। हाई स्कूल के भी कई विषयों का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है।

### 219 मूल्यांकनकर्ता जांच रहे उत्तर पुस्तिकाएं

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि दोनों कक्षाओं की कुल 60694 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थी। जिनमें से 43956 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। और अब सिर्फ 16738 उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन होना शेष है। अभी कुल 219 मूल्यांकनकर्ता उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षकों को कार्य मुक्त करने के लिए प्राचार्यों को पहले ही पत्र दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन की प्रगति संतोषजनक है। मूल्यांकन कार्य बोर्ड द्वारा तय सीमा से पहले ही पूर्ण हो जायेगा।

# मां दंतेश्वरी मंदिर में 262 और करमू चंडी मंदिर में जले 911 जोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया



नगर के स्थानीय दंतेश्वरी मंदिर में 262 तेल जोत, ग्राम करमू चंडी मंदिर में 911 ज्योत प्रज्वलित की गई है। नगर के सभी देवी स्थान पर ज्योत प्रज्वलित किया गया है। झालर, रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया। प्रतिदिन माता का सिंगार किया जा रहा है।

इस दौरान करमू चंडी मंदिर के पुजारी महाराज जी ने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा अपने भक्तों साधकों में अपनी शक्ति का संचार करते हुए। करुणा एवं परोपकार के द्वारा संसार के प्राणियों का हित करती है। आगे महाराज जी ने बताया, मां चंडी देवी बहुत ही दयालु एवं कृपालु है। नवरात्र के दौरान की गई मां की आराधना व्यक्ति को सहस्त्र गुना पुण्य फल प्रदान करती है। नवरात्रि आराधना, तन, मन और इंद्रिय संयम साधना की उपासना है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. संजय तिवारी बने दुर्ग विवि कुलपति

**भिलाई।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा डॉ. संजय तिवारी को हेमचंद यादव विवि दुर्ग का नया कुलपति नियुक्त किया है। वे भोजमुक्त विवि भोपाल के कुलपति है। वहां का कार्यकाल पूरा होने से पहले डॉ. संजय तिवारी को यहां नियुक्ति दी गई है। डॉ. तिवारी का कार्यकाल, उपलब्धियां, सेवा शर्तें, विवि अधिनियम परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होगी। डॉ. तिवारी की नियुक्ति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 की उपधारा (1) में पदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। डॉ. तिवारी का नियुक्ति पत्र राज्यपाल के उपसचिव हिना अभिनेष नेताम ने जारी किया है।




**ग्राम पंचायत खम्हरिया एम में चला स्वच्छता अभियान**

# नवनिर्वाचित सरपंच ने कराई गांव की नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हरिया एम के नवनिर्वाचित सरपंच सकून स्वरूपानंद साहू ने पहली प्राथमिकता देते हुए गांव की नालियों की साफ-सफाई कराई।

■ नालियों में गंदगी हो गई थी जाम, बढ़ गया बीमारी फैलने का खतरा

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत खम्हरिया एम की नालियों की साफ-सफाई महीनों से नहीं हुए थे। गंदे पानी व मटमैल होने के कारण नालियों में गंदगी जाम हो गई थी। इससे ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहे थे। वही नालियों से गन्दी बदबू व कीचड़युक्त होने के कारण पानी जमाव की स्थिति बन गया था। साथ ही मच्छरों के काटने से गंभीर बीमारी का खतरा बनने लगे थे।

इसी के कारण सबसे पहले अपनी प्राथमिकता स्वच्छता को लेकर गांव की गलियों की साफ-सफाई कराई गई। इसके साथ ही ग्राम खम्हरिया एम में स्वसहायता समूह टीम भी गांव की साफ-सफाई में अपनी कर्तव्य को बखूबी निभा रही है। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव को साफ सुथरा बनाये रखने के लिए कचरे की साफ-सफाई करते है।

साथ ही डोर टू डोर घर से कचरे इकट्ठा कर गांव को स्वच्छता बनाये रखने का संकल्प लिया है। इस संबंध में सरपंच सकून स्वरूपानंद साहू ने बताया कि गांव की गलियों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। गंदगी से मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। नालियां बजबजा रही है।

लोगों के घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। इससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। गांव में सफाई न होने से नालियां गंदगी से पट गई है। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामाना करना पड़ रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव की गलियों व नालियों की साफ-सफाई की जा रही है।



**सलधा में चला स्वच्छता अभियान**



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला अंचल क्षेत्र के ग्राम सलधा में नवनिर्वाचित सरपंच सियाराम सिन्हा ने नालियों की साफ-सफाई किया जा रहा है। आपको बता दें कि गांव की गलियों व नालियों की साफ-सफाई महीनों से नहीं हुए थे। जिसे देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सफाई अभियान चलते हुए गलियों की साफ सफाई कराया जा रहा है। वही नाली में गंदा पानी की जमाव की स्थिति होने पर कीचड़युक्त होने पर मच्छर पनप रहे थे। साथ गंभीर बीमारी की समस्या पड़ने की आशंका जताई जा रहे थे। वही गांव को स्वच्छ बनाने के लिए सर्वप्रथम सफाई अभियान चलाया गया।

**खबर संक्षेप**

## संसार का स्वरूप क्या है - सुश्री धामेश्वरी देवीजी

**राजनांदगांव।** स्टेट हाईस्कूल मैदान में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के आठवें दिन जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी ने वेदों के अनुसार संसार के स्वरूप को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि वास्तव में दो प्रकार का संसार होता है। एक भीतर का संसार, दूसरा बाहर का संसार। कुछ ज्ञानी लोग कहते हैं कि संसार मिथ्या है और कुछ कहते हैं कि संसार सत्य है यह दोनों बातें वेदों शास्त्रों के अनुसार सही सिद्ध हो जाती है। वास्तव में हमारे मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि माया के विकार होते हैं। साथ ही मन सतोगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, तीन तरह की माया के अधीन रहता है इसी कारण हमारे मन के विचार प्रतिक्षण बदलते रहते हैं और यही कारण है कि संसार में किसी की किसी से नहीं पटती अर्थात विचारों में आपसी मतभेद रहता है। यह भीतर का संसार हमारे लिए ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि जैसे मानसिक विचार होते हैं वैसे ही व्यक्ति की प्रवृत्तियां हो जाती है कोई सतोगुणी, कोई रजोगुणी तो कोई तमोगुणी दिखाई पड़ता है।

## होली मिलन समारोह, समाज से अध्यक्ष बनाने की मांग

**राजनांदगांव।** बाला बाबा मंदिर सोनारपारा में छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के जिला एवं मंडल के समस्त पदाधिकारियों का होली मिलन समारोह कार्यक्रम 30 मार्च को किया गया। होली मिलन के अवसर पर भगवान बालाजी की पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना पश्चात होली मिलन मनाया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लिया गया। पूर्व में पूर्व मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे से मिलकर समाज के पदाधिकारियों ने मांग पत्र सौंपकर राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद के लिए अध्यक्ष वैष्णव समाज के सदस्य को बनाने की मांग की गई थी। समाज लंबे अरसे से मांग करते आ रहे हैं।

## पाताल भैरवी मंदिर में आज विशेष पूजा

**राजनांदगांव।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र 30 मार्च को प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र पर्व पर माता की ज्योति सहित 2100 श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई। चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी कल 2 अप्रैल को मां पाताल भैरवी सहित समस्त देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाएगा। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। कल 2 अप्रैल को पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित दस महाविद्या शिव शंकर भोलेनाथ, हनुमान महाराज, गणेश महाराज व श्री बर्फानी दादा का अभिषेक पूजन कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही ज्योत ज्वांरा का भी पूजा-अर्चना व श्रृंगार किया जाएगा।

### बैठक : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र में जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए।

सीमांकन, विवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, भू-अर्जन की प्रगति, लंबित आवेदन, राशन वितरण, मूल निवास, जाति एवं आय प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि इस माह से जिले में राजस्व पखवाड़ा शुरू किया जा रहा है, जिसके तहत जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे शिविरों की तैयारी समय रहते पूरी कर लें, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। बैठक में धान उठाव, पीएम जनमन योजना एवं मनरेगा के तहत श्रम आधारित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए और लंबित मजदूरी भुगतान शीघ्र किया जाए।

### वय वंदन योजना के शिविर 4 से 6 अप्रैल तक

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि वय वंदन योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों के लिए 4 अप्रैल से 6 अप्रैल तक शिविर लगाए जाएं। साथ ही, शहरी निकाय क्षेत्रों में 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक विशेष शिविर आयोजित कर वय वंदन योजना के कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य निरीक्षण जैसी सेवाओं को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हैंडपंप एवं नलकूपों की मरम्मत जल्द से जल्द कराने और जरूरत पड़ने पर जल परिवहन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कहा।

### कार्यालय में नियमित उपस्थिति और औचक निरीक्षण के निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने और मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी आरआई एवं पटवारियों को अपने क्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित रहने को कहा गया। इसके अलावा, प्रभारी अधिकारियों को कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनता से सीधा संवाद और जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। कलेक्टर जनदर्शन के प्रकरण, शिकायत पत्र और ग्राम स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन कर आमजन की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, अंकिता गर्ग सहित जिले के एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बेमेतरा।** मंगलवार ने समय-सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। इसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 31 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील दाढ़ी के ग्राम हेमाबंद निवासी फूलमत ने वाद विवाद, गाली गलौच एवं कपडे.फाड़ने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील देवकर के ग्राम गाडाड़ीह निवासी रोंगो बाई ने अवैध कब्जे जो लोक निर्माण विभाग की भूमि पर किया गया है, हटाने के संबंध में आवेदन दिया, बेमेतरा सिंघौरी वार्ड नं. 13 निवासी नर्मदा गोड़ ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम हेमाबंद समस्त ग्रामवासी ने प्रधानमंत्री आवास को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया।

### नागरिकों ने इन समस्याओं को लेकर दिया आवेदन

ग्राम खपरी निवासी झम्मन लाल बंजारे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल के लिए, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन के लिए, दिव्यांगता पेंशन दिलाए जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## डी.ए.वी मुख्यमंत्री स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल जांता में शिक्षा सत्र 2025-26 नए सत्र के शुभारंभ के साथ शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अभिभावकों ने भाग लिया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा जहां शामिल रहे वही विशिष्ट अतिथि पार्षद आकिब मलकानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप यादव एवं सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश वर्मा मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा नए प्रवेशित व पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर व पुष्पवर्षा करते हुए शाला में प्रवेश दिलाया गया।

■ आयोजन में शामिल हुए नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा, बच्चों को स्कूल आने के लिए किया प्रेरित

इस दौरान नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया वही बालक कबड्डी अंडर 14 नेशनल विनर बच्चों व नासो ओलम्पियाड में गोल्ड मैडल व सर्टिफिकेट प्राप्त 67 बच्चों ,व विद्यालय से यंग साइंटिस्ट इंडिया चयनित 25 विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डीएवी जांता के बच्चों ने वास्तव में क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य साध कर उसे पूरा करने के लिए मेहनत करेंगे तो सफलता आपकी कदम चूमेगी। प्रचार्य पीएल जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक ललित देवांगन, अनिल चन्द्रवंशी, कैलाश सिंह, गोविंद साहू, राजा तन्तुवेय, छोटू राम साहू, निशु गुप्ता, आयुषी जैन, मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, उमेश साहू, दीपिका वर्मा, अभिषेक दुबे, नम्रता चतुर्वेदी, मधुस्मिता, उमेश साहू, विमल साहू, कुसुम साहू, देवीका जैन, सुखदेव, विजय, नरेश, रुकमणी, रामेश्वरी, युवराज उपस्थित रहे।

## पंचमी आज, देवी माता का होगा विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। पर्व के तहत कल 2 अप्रैल को पंचमी मनाया जाएगा। इस दौरान देवी माता एवं ज्योत जंवारा का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना के इस पर्व पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ बनी हुई है। वहीं डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने हेतु बड़ी संख्या में भक्तों का पैदल जत्था पहुंचने लगा है।

■ मंदिरों में भक्तों की भीड़, पदयात्रियों का आगमन

ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व 30 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान देवी मंदिरों सहित कई घरों में भी आस्था के जोत प्रज्जवलित किए गए हैं एवं सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। कल 2 अप्रैल को पंचमी पर्व मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है। पंचमी के अवसर पर देवी माता का विशेष श्रृंगार, जोत जंवारा का विशेष श्रृंगार के साथ ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। पर्व पर देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी हुई है।

## भाजपा नेताओं व पार्षदों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



नगर पंचायत कुसमी के भाजपा नेताओं व पार्षदों ने सोमवार विधायक दीपेश साहू से भेंट कर नगर में व्याप्त पेयजल संकट एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समाधान की मांग की। नेताओं ने बताया कि नगर में लगातार जल संकट गहराता जा रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी हो रही है। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दीपेश साहू को आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। विधायक दीपेश साहू ने नगरवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस दौरान भाजपा नेता संतोष कुमार साव, वार्ड-1 के पार्षद हीरा दिनेश साहू, वार्ड-4 के पार्षद टाकेश्वर साहू, वार्ड-6 के पार्षद मंजू दीपक यादव, वार्ड-15 के पार्षद यामिनी डुनाल साहू एवं भाजपा कार्यकर्ता अभिषेक साहू उपस्थित रहे।

■ कुसमी नगर पंचायत में पेयजल संकट व समस्याओं से विधायक को कराया अवगत

## साजा में समन्वित कीट प्रबंधन विषय पर हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा में 1 अप्रैल को एग्री इनपुट डीलर्स का समन्वित कीट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ तोषण ठाकुर कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ .डोमन टेकाम एवं एसएडीओ साजा दिनेश धुर्वे की उपस्थिति में डीलर्स को आईपीएम के उद्देश्य, आवश्यकता एवं विधियों को अपनाते हुए कृषकों को कृषि आदान का परामर्श देने की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस अवसर विकास खंड साजा के प्रगति शील कृषक एवं इनपुट डीलर प्रशांत पटेल ने किसानों को अपने स्वयं के खेतों में आईपीएम पद्धति के प्रयोग एवं सकारात्मक परिणाम के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने जैव नियंत्रक कारक की जानकारी एवं रासायनिक कीटनाशकों के असंबंधित फसलों में प्रयोग के दुष्परिणाम के बारे में बताया। गुण नियंत्रण शाखा प्रभारी विनय कुमार शर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने आईपीएम में विभिन्न टैप्स एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा ने आभार प्रदर्शन किया।

## पदयात्री सेवा पंडाल का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** नवरात्र के महापूजन अवसर पर श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा पंडाल का उद्घाटन किया गया। आरंभ विधिवत रूप से कन्याओं व समाज एवं धर्मसेवियों द्वारा पूजन महाआरती द्वारा किया गया। उक्त जानकारी देते आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राकेश ठाकुर, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, मधु खंडेलवाल, राजेश शर्मा, योगेश साहू, विजय गुप्ता व सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि महाआरती पूजन के पूर्व पूजा गुप्ता, किरण अग्रवाल, कांति मौर्य, अनिता जैन व अन्य द्वारा माता के श्लोकों व भजनों से मां नवदुर्गा को स्थापित होने का आह्वान किया गया।

### शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी ने किया नारी सशक्तिकरण एवं समाज गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 31 मार्च संस्था के 1 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय नारी सशक्तिकरण, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर व समाज गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नारी सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के शिक्षकों एवं अन्य विभागों में कार्य करने वाले उत्कृष्ट जनों को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह समारोह शिक्षक शिक्षिकाओं के समाज में उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर की महापौर मीनल चौबे, कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय कुमार खंडेलवाल थे। संस्था से जुड़ी हुई और संस्था की प्रचार सचिव वर्षा जैन जो शासकीय प्राथमिक शाला केंवतरा विकासखण्ड साजा में नवाचारी शिक्षिका के रूप में कार्य कर रही है, उन्होने बताया कि संस्था का उद्देश्य है समाज सेवा करना, जो शिक्षा, बच्चों का सर्वांगीण विकास, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे है। उन्हें सम्मानित कर, उनका अभिनंदन कर उनकी ऊर्जा को बढ़ाना, उन्हें प्रेरित करना। इस सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले के पांच शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। जो अपने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और नवाचार गतिविधियां संचालित कर रहे हैं ये सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में पूरी तरह बच्चों के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं और नवाचारी गतिविधियों के द्वारा बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

■ जिले के पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिला उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान

### इन शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

बेमेतरा जिले के जिन पांच शिक्षक-शिक्षकाओं को सम्मानित किया गया, उनमें गायत्री जोगी प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी विकासखंड साजा, अंबालिका पटेल प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखंड बेरला, गिरिजा पटेल प्रधान पाठक शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नवागांव कला विकासखंड साजा, धनेश राम रजक प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा शामिल हैं। जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं को यह सम्मान प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे, व्याख्याता थलज कुमार साहू, बीईओ साजा निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी साजा बी डी बघेल, बीआरसी बेरला खोम लाल साहू, प्रधान पाठक हरि केडिया, घनश्याम सोनी, अहिल्या कुंजाम, मैमूना सुल्ताना, वीणा रावटे, आशुतोष चौबे, स्वेता वर्मा, कल्याणी सिन्हा, चंदा सिन्हा, वर्षा जैन, प्रतीक जैन, सीएसी प्रकाश कुंजाम सहित अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

